

आईपीएल में दमदार प्रदर्शन कर रहे हैं विराट

विराट कोहली ने मौजूदा सीजन में 8 मैचों में कुल 304 रन बनाए हैं और वह अपनी टीम के लिए फिलहाल टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने अब तक 2 अर्धशतक लगाए हैं जिसमें 90 रन की नाबाद पारी भी शामिल है।

## प्रैक्टिस के दौरान विराट कोहली के मस्त डांस मूव्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ गुरुवार के मैच से पहले कप्तान विराट कोहली के शानदार मूव्स का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ गुरुवार के मैच से पहले कप्तान विराट कोहली के शानदार मूव्स का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्री–मैच प्रैक्टिस सेशन के दौरान, कोहली ने अपने कुछ डांसिंग मूव्स दिखाए, जो मस्ती से भरे थे। कुछ ही समय में क्लिप वायरल हो गया।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2020) में अब तक रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने अच्छा प्रदर्शन किया है और आठ में से पांच मैच जीते। विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम आरसीबी को गुरुवार को किंग्स इलेवन पंजाब से आठ विकेट से शिकस्त झेलनी पड़ी लेकिन उसके पास अब भी प्ले–ऑफ में जाने के अच्छे मौके हैं। इस बीच विराट का एक वीडियो क्लिप वायरल हो रहा है जिसमें वह मस्ती भरे अंदाज में डांस मूव्स दिखा रहे हैं।

# दिनेश कार्तिक ने छोड़ी कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी

### इयोन मॉर्गन को मिली कप्तानी, 2019 में इंग्लैंड को जिता चुके हैं वर्ल्ड कप

**क्रिकेट**

- कार्तिक की कप्तानी पर उठने लगे थे सवाल, टीम नहीं कर पा रही परफॉर्म
- बल्लेबाजी सुधारने के लिए कार्तिक ने छोड़ी कप्तानी
- केकेआर के सीईओ ने कहा, हम कार्तिक के फैसले से हैरान लेकिन सम्मान करते हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अब दिनेश कार्तिक नहीं होंगे। आईपीएल के 13वें सीजन में दो बार की चैंपियन इस टीम के खराब प्रदर्शन के बाद कप्तानी पर उठ रहे सवालों के बीच दिनेश कार्तिक ने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। उन्होंने शुक्रवार को कप्तानी पद छोड़ दिया। इंग्लैंड के लिमिटेड ओवर्स के कप्तान और केकेआर के अहम सदस्य इयोन मॉर्गन इस टीम के नए कप्तान बनाए गए हैं।



मॉर्गन पहली बार केकेआर की कप्तानी करेंगे। पॉइंट्स टेबल में केकेआर चौथे पायदान पर है। उसने अपने पिछले 5 में से दो मैच हारे हैं। टीम के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा, हम खुशकिस्मत हैं कि हमें डीके (दिनेश कार्तिक) जैसा नेतृत्वकर्ता मिला, जिन्होंने हमेशा टीम को पहले रखा। किसी के लिए भी इस तरह का फैसला लेना काफी मुश्किल होता है। हम खुद भी उनके इस फैसले से हैरान हैं, लेकिन उनकी इच्छाओं का सम्मान करते हैं।

आईपीएल में शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से हुआ। कोलकाता अभी तक सही संयोजन नहीं खोज पाई है, खासकर उसकी बल्लेबाजी में कई पेंच हैं। सलामी जोड़ी उसे अब तक मजबूत नहीं मिली। कप्तान दिनेश कार्तिक ने एक मैच में अर्धशतक लगाया था लेकिन फिर वह पटरी से उतर गए। वह फॉर्म से बाहर चल रहे हैं और उनके प्रदर्शन की सोशल मीडिया पर भी आलोचना हो रही थी।

**गंभीर ने उठाए मैनेजमेंट पर सवाल?**

इस बीच केकेआर के पूर्व कप्तान और टीम इंडिया के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर ने एक ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, शकिसी विरासत को बनाने में कई साल लग जाते हैं लेकिन उसे खराब करने में एक मिनट लगता है। उनके इस ट्वीट के बाद लोग सोच रहे हैं कि उन्होंने केकेआर की टीम मैनेजमेंट पर सवाल उठाए हैं। केकेआर टीम के सह–मालिक बॉलिवुड स्टार शाहरुख खान हैं जो केकेआर के पिछले कुछ मैचों में स्टेडियम में नजर आए थे।

## नंबर–4 के बजाय 6 पर उतरे एबी डि विलियर्स, विराट ने बताया कारण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

शारजाह। किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ आईपीएल–13 के मुकाबले में गुरुवार को रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के धुरंधर एबी डि विलियर्स को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा गया। हालांकि यह फैसला सही साबित हुआ और टीम को मुकाबले में अंतिम गेंद पर शिकस्त झेलनी पड़ी लेकिन कप्तान विराट कोहली ने कहा कि यह सोची समझी रणनीति थी।

विराट ने कहा कि यह रणनीति किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मैच में नहीं चल पाई। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 171 रन बनाये थे। पंजाब ने इसके जवाब में दो विकेट पर 177 रन बनाकर



जीत दर्ज की।

कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ 33 गेंदों पर 73 रन बनाने वाले डि विलियर्स को चौथे नंबर के बजाय छठे नंबर पर भेजा गया। वॉशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे को उनसे पहले बल्लेबाजी के लिए उतारा गया। कोहली ने कहा कि यह रणनीति कारगर साबित नहीं हुई लेकिन गेंदबाजों को 171 रन का बचाव करना चाहिए था। आरसीबी कैप्टन कोहली ने कहा, 'हम ने इस बारे में बात की थी, हम चाहते थे कि बल्लेबाजी के दौरान दायें और बायें हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन रहे क्योंकि दो लेग स्पिनर गेंदबाजी कर रहे थे। कई बार चीजें आपके मुताबिक नहीं होती हैं। हम चाहते थे कि शिवम दुबे और वॉशिंगटन सुंदर को बल्लेबाजी का मौका मिले।' उन्होंने इसके साथ ही हैरानी जताई कि जिस मैच को 18वें ओवर में समाप्त हो जाना चाहिए था, उसे पंजाब ने मैच की आखिरी गेंद पर जीता। कोहली ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, 'यह काफी हैरान करने वाला था। हमें लगा था कि मैच 18वें ओवर में खत्म हो सकता है। आखिरी ओवरों में थोड़ा सा दबाव आपको भ्रमित कर सकता है और ऐसे में कुछ भी संभव है।'

## भुवी और इशांत चोटिल, बोलिंग नहीं कर रहे हार्दिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम इस साल के अंत में बॉर्डर–गावसकर ट्रॉफी का बचाव करने उतरेगी लेकिन विराट सेना भुवनेश्वर कुमार और इशांत शर्मा के बिना ही इस दौरे पर जा सकती है। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पर भी अनिश्चितता है। मार्च के बाद से यह टीम इंडिया का पहला दौरा होगा। ऐसे में युवा तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को मौका मिल सकता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल के अंत में क्रिकेट सीरीज खेली जानी है, जो मार्च के बाद से टीम इंडिया का पहला अंतरराष्ट्रीय दौरा होगा। चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन को टीम के पेस अटैक को लेकर जरूर पसीने छूट रहे होंगे क्योंकि भुवनेश्वर कुमार और इशांत शर्मा चोटिल चल रहे हैं। भुवनेश्वर कुमार और इशांत शर्मा चोटिल हो गए हैं और आईपीएल के पूरे सीजन से हट गए हैं। भुवी को कूल्हे और जांघ में चोट है और आगामी सीरीज के लिए उनके फिट होने की संभावना नहीं लग रही है। इशांत ने रिब इंजरी हुई है, और उनका भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलना संदिग्ध लग रहा है।

## न्यूज डायरी



### प्रीति जिंटा का ट्वीट– क्रिकेट के नाम पर हर्ट अटैक ना करा दे टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। बैंगलोर के खिलाफ मुकाबले को देखने के लिए किंग्स इलेवन पंजाब की सह–मालिक प्रीति जिंटा भी शारजाह में मौजूद थीं। जैसे ही क्रिस गेल 5वीं गेंद पर रन आउट हुए, तो प्रीति जिंटा भी परेशान हो गईं थी और उनके बदले–बदले हाव–भाव टीवी कैमरे पर नजर भी आ रहे थे। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आखिरकार जीत मिली। उम्मीद करती हूं क्रिकेट के नाम पर हर्ट अटैक ना करा दे टीम। बैंगलोर के खिलाफ शारजाह में मैच लोकेश राहुल की कप्तानी वाली टीम पंजाब ने अंतिम गेंद पर जीता। पारी के अंतिम ओवर में पंजाब को जीत के लिए मात्र 2 रन की जरूरत थी लेकिन बाद में रोमांच इतना बढ़ गया कि पंजाब के फैंस की सांसे अटक गईं। निकोलस पूरन ने अंतिम गेंद पर विनिंग सिक्स लगाया जिसे देखकर राहुल भी घुटनों पर बैठ गए थे। आईपीएल टीम किंग्स इलेवन पंजाब की सह–मालिक प्रीति जिंटा भी बैंगलोर के खिलाफ इस मैच को देखने के लिए शारजाह में मौजूद थीं। वह इस सीजन के शुरू होने के पहले ही यूएई पहुंच गई थीं।

### जब गेल बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तो मैच जीतने की उम्मीद बनी रहती है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शारजाह। आइपीएल 2020 में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ किंग्स इलेवन पंजाब के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल को खेलने का मौका मिला। उन्होंने इस मैच में 53 रनों की पारी खेली और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनकी इस पारी के बाद साथी खिलाड़ी निकोलस पूरन ने कहा कि क्रीज पर गेल की मौजूदगी से टीम को आत्मविश्वास मिलता है। उन्होंने बैंगलोर के खिलाफ अर्धशतक जमाकर टीम के लिए उपयोगिता साबित की। गेल जब तक बल्लेबाजी कर रहे होते तो टीम को मैच जीतने की उम्मीद बनी रहती है। जनवरी के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे क्रिस गेल ने शुरुआत धीमी शुरुआत के बाद पांच छक्के और एक छक्का लगाकर 53 रनों की पारी खेली और पंजाब को हार का सिलसिला तोड़ने में मदद की। उन्होंने एक बार फिर दिखाया है कि क्यों वह सबसे महान टी 20 बल्लेबाज हैं। उन्हें रन बनाते देखना शानदार है।

### गेल को नहीं दिया शुरुआत में मौका, कहा– शेर को भूखा रखना जरूरी होता है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 31वें मुकाबले में किंग्स इलेवन पंजाब के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल पहली बार मैदान पर उतरे। पहले ही मैच में उन्होंने ऐसी शानदार पारी खेली की टीम के हार का लगातार चला आ रहा सिलसिला थम गया। गेल ने अर्धशतक बनाया और टीम को जीत के दरवाजे कर पहुंचाया। आखिरी गेंद तक पहुंचे रोमांचक मुकाबले में पंजाब ने बैंगलोर को 8 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बैंगलोर ने क्रिस मोरिस के आखिरी ओवर में खेली गई आतिशी पारी के दम पर 171 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में पंजाब की टीम ने आखिरी गेंद पर निकोलस पूरन के लगाए छक्के के दम पर 8 विकेट से जीत हासिल की। कप्तान केएल राहुल ने नाबाद 61 जबकि क्रिस गेल ने 45 गेंद पर 53 रन की सधी पारी खेली।

### मुरुगन अश्विन ने बैंगलोर के बल्लेबाजों को किया परेशान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शारजाह। किंग्स इलेवन पंजाब के स्पिनर मुरुगन अश्विन ने आइपीएल 2020 में गुरुवार को खेले मुकाबले में रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ शानदार गेंदबाजी का श्रेय आरसीबी के स्पिनरों से मिली सीख को दिया। अश्विन ने इस मैच में चार ओवर में 23 रन दिए और दो विकेट लिया। उन्होंने एरोन फिंच और वॉशिंगटन सुंदर को आउट किया। उनके इस प्रदर्शन के बदौलत पंजाब को आठ विकेट से जीत मिली। मैच के बाद 30 साल के इस स्पिनर ने कहा कि आरसीबी ने शारजाह के ही मैदान पर कोलाकाता नाइटराइडर्स को आरसीबी ने 82 रनों से हराया था। इससे उन्हें सही लेंथ पर गेंदबाजी करने में मदद मिली।